रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रो. राजकुमार एनएसएस कोऑर्डिनेटर एमडीयू ने द्वारा किया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस का महत्व बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि स्वयं सेविकाएं एनएसएस में भाग लेकर किस प्रकार अपनी पर्सनैलिटी को निखार सकती हैं। प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने स्वयं सेविकाओं को सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।




# स्वयंसेविकाओं ने योग और मेडिटेशन सीखा

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने योग व मेडिटेशन सीखा। ब्रिगेडियर एमएस हुड्डा के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित किया गया। यहां उन्हें ध्यान केंद्रित करने का जीवन में महत्व समझाया। स्वयंसेविका विनिशा और परीक्षा ने मंच संभाला। साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय मोखरा, भूगोल विभाग से डॉ. विनोद कुमार ने स्वयं सेविकाओं को वातावरण को निम्नीकरण से बचाने के उपाय सुझाए। सिविल अस्पताल की आईसीटीसी काउंसलर कुसुम ने स्वयंसेविकाओं को नशे की लत से बचने के लिए जागरूक किया। आईडीटीआर रोहतक से जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार एएसआई ट्रैफिक पुलिस व प्रवीण कुमार ने यातायात नियम के साथ विभिन्न चालानों से अवगत कराया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोफिया जाखड़ व सुमन कुमारी ने अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित किया। ब्यूरो


राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
एकता है आधार देश की आओ इसका सम्मान करें।
एकता को हम सब अपनाकर, देश का उत्थान करें।।



# जाट किशोरी में एनएसएस कैंप के तीसरे दिन हुए योग

**रोहतक|** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का आगाज स्वयंसेविकाओं ने योग व मेडिटेशन से ब्रिगेडियर एम.एस. हुड्डा के नेतृत्व में किया । म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन से स्वच्छ भारत मिशन के कंसलटेंट अरविन भाटिया ने पर्यावरण को बचाने की सीख दी। इसके बाद स्टेट एनएसएस अवॉर्डी, काउंसलर दीपिका धनखड़ ने स्वयंसेविकाओं को अपनी झिझक को त्याग कर कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एन.एस.एस प्रोग्राम ऑफिसर सोफिया जाखड़ व सुमन कुमारी आदि मौजूद रहीं।

# स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता एप का प्रयोग करना सिखाया

**रोहतक। चेतना संवाददाता।**

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में जारी राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने ब्रिगेडियर एम.एस. हुड्डा के नेतृत्व में योग व मेडिटेशन का अभ्यास किया। मंच संचालन विनिशा और साक्षी ने किया। नगर निगम से स्वच्छ भारत मिशन के कंसलटेंट अरविन भाटिया ने स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित करते ए कहा कि हम धरती को मां कहते हैं। इसलिए उसे बचाना हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि धर्म है। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता एप का प्रयोग करना भी सिखाया। कृषि विज्ञान केंद्र,जींद के पूर्व सीनियर कोऑर्डिनेटर डॉ. बीपी राणा ने पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने पराली के विभिन्न प्रयोग भी सुझाए। स्टेट एनएसएस अवॉर्डी, काउंसलर दीपिका धनखड़ ने स्वयंसेविकाओं को अपनी झिझक को त्याग कर कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने निजी अनुभव साझा कर जीवन में सकारात्मक रहने की प्रेरणा दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोफिया जाखड़ व सुमन कुमारी ने सभी अतिथियों को पौधे भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।







**English seminar(27/02/2023)**



MAHARANI KISHORI JAT KANYA MAHAVIDYALAYA
(Affiliated to M.D.University, Rohtak)
'A' Grade PG College, Accredited by the NAAC
Department of English
Organizes one day National Conference on
"English Literature of India's Freedom Movement"
Sponsored by :
Department of Higher Education, Haryana
On February 27, 2023

सोनिका सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का अंग्रेजी साहित्य विषय पर हुई संगोष्ठी



रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया। जिसका विषय भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का अंग्रेजी साहित्य रहा। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. भीम सिंह दहिया रहे। प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने बताया कि संगोष्ठी में 125 डेलिगेट्स, स्कॉलर्स और प्रतिभागियों ने भाग लिया। अलग-अलग टेक्निकल सेशन में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वेलेडिक्ट्री सेशन के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रो. सतपाल सिंह दहिया (रिटायर्ड प्रो. अंग्रेजी विभाग, एमडीयू ), प्रो. जयवीर सिंह हुड्डा (रिटायर्ड प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग एमडीयू), प्रो. हेमा दहिया, (एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग ) मोती लाल नेहरु कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी, रेनु हुड्डा सहित अन्य मौजूद रहे।


## सूचना

मैं, नरेश कुमार पुत्र स्व. श्री रामधारी सिंह निवासी म.नं. 1914/1, नेहरू कॉलोनी, नजदीक आई.पी.एस. स्कूल, रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सन्नी व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# एमकेजेके में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित



**रोहतक,गिरीश सैनी।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ भीम सिंह दहिया रहे।इस संगोष्ठी के अन्य वक्ता प्रोफेसर सतपाल सिंह दहिया , प्रोफेसर जयवीर सिंह हुड्डा ,प्रोफेसर हेमा दहिया रहे। यह संगोष्ठी मॉर्निंग सेशन से लेकर अलग-अलग टेक्निकल सेशन तक चली। इसमें रेनु हूड़ा एक टेक्निकल सैशन की चेर्पर्सन रही और अंत में वेलेडिक्ट्री सेशन के साथ समापन हुआ। इस संगोष्ठी में 125 डेलिगेट्स , स्कॉलर्स और प्रतिभागियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के अंत में प्राचार्य डॉ रश्मि लोहचब ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का अंग्रेजी साहित्य रहा।

**Science Day 28/02/23 and 1/3/23**


ROHTAK
SCIENCE SOCIETY



अन्य मौजूद रहे।

# डिबेट में गुरमीत और निबंध लेखन में दीपा ने मारी बाजी

**रोहतक। चेतना संवाददाता।**

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर इंटर कॉलेज पावर पॉइंट, निबंध लेखन एवं डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में वैश्य कॉलेज से राधिका आनंद प्रथम, एमकेजेके से विनती दूसरे तथा वैश्य कॉलेज से कमल तीसरे स्थान पर रही। डिबेट कंपटीशन में जीपीजीसीडब्लू कॉलेज रोहतक से गुरमीत कौर पहले, एमकेजेके से परीक्षा खरब दूसरे तथा जीपीजीसीडब्लू कॉलेज रोहतक से आंचल तीसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में एमकेजेके से दीपा पहले, जीपीजीसीडब्लू कॉलेज रोहतक से किरण मोर दूसरे तथा एमकेजेके से मेघा तीसरे स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार जीपीजीसीडब्लू कॉलेज रोहतक से मनीषा को मिला। प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर सविता मलिक, डॉ. सुनीता, डॉ. अंशु, दीपिका, सुषमा, गीता, मंजुला, सुमिता, आकांक्षा, ज्योति, प्रीति एवं प्रियंका सैनी आदि मौजूद रहे।



# साइंस क्विज में पुन्या, प्रेरणा एवं अनु की टीम ने मारी बाजी



**रोहतक। चेतना संवाददाता।**

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में साइंस सोसायटी द्वारा इंटर कॉलेज साइंस क्विज का आयोजन किया गया। इस क्विज में 7 टीमों ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर जीसीडब्ल्यू रोहतक की टीम से पुन्या, प्रेरणा एवं अनु रही। दूसरे स्थान पर जीसीडब्ल्यू रोहतक की टीम से शिवानी, प्रिया एवं प्रियंका रही। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की टीम से अदिति, आरती एवं पूजा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार वैश्य कॉलेज की टीम से राधिका, पुनीत व सौरभ ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. सविता मलिक, डॉ. सुनीता, डॉ. अंशु, सुषमा, गीता, प्रियंका, मंजुला ,सुमिता, सुमंगला, नेहा ,संतोष ,संगीता ,सुदेश आदि मौजूद रहे।

**Digital Literacy Workshop (28/2/2023 to 04/03/2023)**






Career Guidance and Placement Cell
4 DAYS WORKSHOP (28 Feb.-3 March 2023)
DIGITAL LITERACY

## Part Lekhan Partiyogita by Sanskrit Department 01/03/2023




## Women Day on 02/03/2023






**NSS One day Camp 03/03/2023**



**NCC 04/03/2023**




**Extension lecture by deptt of English 15/03/2023**



# संचार कौशल हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण : मुखर्जी

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की ओर से विस्तार व्याख्याप का आयोजन किया गया। एमडीयू पत्रकारिता विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सुनीत मुखर्जी ने कॅरिअर में लक्ष्य प्राप्ति के लिए संचार कौशल पर व्याख्यान दिया। कहा कि संचार कौशल हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक पूर्ण कार्य योजना बनाएं। कौशल के साथ व्यक्तित्व का प्रभावशाली होना भी आवश्यक है। इसमें आत्मविश्वास सबसे जरूरी है। ब्यूरो

# छात्राओं को कम्यूनिकेट विद कॉन्फ़िडेन्स का मंत्र दिया सुनित मुखर्जी ने



**रोहतक, गिरीश सैनी।** संचार कौशल में दक्षता कारपोरेट तथा जीवन में सफलता का रास्ता प्रशस्त करता है। कम्यूनिकेट विद कॉन्फ़िडेन्स (आत्मविश्वास के साथ संप्रेषण) का मंत्र देते हुए बुधवार को ये उद्‌गार महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर तथा विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने व्यक्त किए।

सुनित मुखर्जी ने एमकेजेके महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस व्याख्यान कार्यक्रम में 'कम्यूनिकेशन स्किल्स फ़ॉर एचीविंग करियर गोल्स' विषयक व्याख्यान दिया।

सुनित मुखर्जी ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को करियर लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से कड़ी मेहनत करने तथा करियर लक्ष्य हासिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संचार कौशल में दक्षता के साथ न केवल सरकारी क्षेत्र बल्कि निजी तथा कारपोरेट सेक्टर में करियर बनाने की संभावनाओं की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कंटेंट राइटिंग, ट्रैवल राइटिंग, हॉस्पिटीलिटी, हेल्थ कम्यूनिकेशन, स्पोर्ट्स कम्यूनिकेशन, पब्लिक रिलेशंस, इवेंट मैनेजमेंट, आदि में संचार विशेषज्ञों की जरुरत तथा संभावनाओं की जानकारी दी। व्याख्यान उपरांत छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी उन्होंने दिए।

कार्यक्रम संचालन तथा स्वागत भाषण का दायित्व निर्वहन प्राध्यापिका सोफिया जाखड़ ने किया। एमकेजेके महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने बताया कि इस विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन छात्राओं के कौशल विकास तथा करियर जागरूकता के लिए किया गया। भविष्य में भी महाविद्यालय की छात्राओं के कैपिसिटी बिल्डिंग के लिए व्याख्यान तथा मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**Consumer Protection lecture by Economics and Commerce 15/03/2023**



# विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिनियम में हुए बदलावों की दी जानकारी



रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग और लीगल सेल द्वारा एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन डॉ. तृप्ति नारा ( मेंबर जज उपभोक्ता न्यायालय, रोहतक ) ने बताया कि उपभोक्ताओं के क्या-क्या अधिकार हैं और कैसे वे अपने अधिकारों का सदुपयोग कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ता अधिनियम में हुए बदलावों के विषय में भी जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब, वाणिज्य विभाग से रेखा, ज्योति, सुप्रभा, चंद्रप्रभा, अर्थशास्त्र विभाग से सीमा, लीगल सेल से निशा आदि मौजूद रहे।

## Health Camp 16/03/2023

# एमकेजेके में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**रोहतक, गिरीश सैनी।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने किया। इस शिविर में डेंटल सर्जन डॉ. सुमित जुनेजा, सिविल हॉस्पिटल से चीफ नेत्र अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा तथा स्टाफ नर्स राधा व ईशा ने स्वयं सेविकाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया।



उन्होंने दांतों और आंखों की सुरक्षा के लिए एहतियात बरतने के सुझाव भी दिए। उन्होंने साधारण नमक की जगह सेंधा नमक व काले नमक का प्रयोग करने के फायदे बताए। उन्होंने चीनी, मैदा व नमक को सेहत के लिए सफेद जहर बताते हुए उनके कम से कम सेवन करने की बात कही। इस मौके पर स्वयं सेविकाओं को रक्तदान व नेत्रदान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस शिविर का आयोजन यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डॉ. दीपिका, डॉ. धनपति व संतोष के नेतृत्व में किया गया। प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर आभार व्यक्त किया।




## OUTREACH PROGRAM IN KHERI SADH 17/03/23





## Content Analysis on Crime News


# <u>Content Analysis Report</u>


Period of Analysis: 20 Feb. to 20 March 2023.

All students of Sociology, Class 2nd year conducted **'content analysis of Crime News'** published in different newspapers from the period of 20th Feb. to 20th March 2023. Some Reports as sample has been attached.


Dr. Susheela Dhankhar
Associate Professor in Sociology














| date | Newspaper | Topic: Crime Against Woman | Murder | Suicide |
|---|---|---|---|---|
| 13 March | दैनिक भास्कर | • रेलवे स्टेशन पर डर के अरे इसी मिली महिला आदमी ने पीछे से पकड़ कर लाया थी आज<br>(नाबालिग लड़की के छेड़खानी के विरोध में दबे) | Sian, sister in law arrested for murder of 5-yr old daughter<br>Samba, police arrest accused in Army jawan's murder case.<br>• शादी के 11 महीने बाद दहेज के लिए हत्या | [illegible] |
| | Times of India | • Taliban govt annuls divorces, forced woman to return to abusive husband<br>• 14-yr old girl abducted from school, gang raped | • Human body parts found in a drum in Noida's Sector 8. | • 61 suicide at IITs, NITs, IIM between 2018-23 |
| 14 March | दैनिक भास्कर | • सुपारी किलर्स ने महिला को ताबड़तोड़ गोलियां मारी<br>• चैचेरी बहन से छेड़छाड़, बुलेट पर आए आरोपियों ने मासूम को मारी गोली | • 10 साल के बेटे के साथ महिला ने पति की हत्या<br>• 2 मारट के ऊपर पति-पत्नी विवाद बाद में मर्डर | [illegible] |
| | Times of India | • Husband, in-laws collect women's mestural blood for 'Aghori pooja', sell it for Rs 50,000.<br>• Woman assaults ailing mother-in-law for urinating in room | • Real estate developer shot dead in Navi Mumbai | • Sorry Mummy, sorry didi: Another student suicide shocks Rajasthan Kota |
| 15 March | दैनिक भास्कर | • पत्नी की पिटाई कई उसके पति ने शराब पीकर<br>दहेज न मिलने पर लड़के के परिवार वाले ने किया शादी से मना | • पानीपत में चाकू की नोक पर युवक को लूटा, बाद में चाकू मारा<br>• रोहतक के ब्लाइंड मर्डर में खुलासा | |
| | | | • Woman found murdered in Ullal | • Khalsa College hostel girl dies by suicide, Amritsar |







**NSS One day camp 20/03/23**

## स्वयं सेविकाओं ने खेल मैदान की सफाई की

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के खेल मैदान में सफाई की और इस पूरे कैंप का आयोजन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुमन कुमारी तथा सोफिया जाखड़ की देख रेख में हुआ।




**Extension Lecture by Commerce Department 21/03/2023**







**Sports Meet 22/03/2023**





**NSS University level Camp 29-03-2023 to 04/04/2023**


MAHARANI KISHORI JAT KANYA MAHAVIDYALAYA, ROHTAK
NSS UNIT I, II
MOTTO : "NOT ME BUT YOU"
NSS UNIVERSITY LEVEL CAMP (GIRLS)


MAHARANI KISHORI JAT KANYA MAHAVIDYALAYA, ROHTAK
NSS UNIT I, II
MOTTO : "NOT ME BUT YOU"
NSS UNIVERSITY LEVEL CAMP (GIRLS)
Date : 29-03-2023 to 04-04-2023

# शिविर के दूसरे दिन किया योगाभ्यास

**रोहतक, गिरीश सैनी।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय, रोहतक में जारी सात दिवसीय एनएसएस यूनिवर्सिटी लेवल शिविर (गर्ल्स) में स्वयंसेविकाओं ने दूसरे दिन की शुरुआत योग से की। आयुष मंत्रालय से आए नरेश कुमार एवं ज्योति ने स्वयंसेविकाओ को योग अभ्यास करवाया। अगले सत्र में सभी स्वयंसेविकाओं को मानव जीवन में आंखो की महत्वपूर्णता के बारे में बताया। रायपुर से आए हुए डॉ. सामंता एवं उनकी टीम ने नेत्र दान से जुड़ी




विभिन्न जानकारी प्रदान की।

पत्रकारिता एवम जनसंचार विभाग जाट कॉलेज से आए डॉ. जसमेर सिंह व दिनेश ने सुनो नहरों की पुकार मिशन के बारे में बताया।

प्रो. शमशेर सिंह ने स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां देते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। शाम के सत्र में पोस्टर मेकिंग (मोबाइल एडिक्शन, सेव अर्थ, ड्रग्स एडिक्शन) तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता (वूमेन एंपावरमेंट, ग्लोबल वॉर्मिंग) का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी सोफिया जाखड़ एवं सुमन कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# एमकेजेके में सात दिवसीय शिविर शुरू




**रोहतक, गिरीश सैनी।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस यूनिवर्सिटी लेवल सात दिवसीय शिविर (गर्ल्स) का आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों की स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस शिविर का शुभारंभ वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ की सेवानिवृत प्राचार्य संतोष मुदगिल द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस के महत्व अवगत कराते हुए बताया कि स्वयंसेविकाएं एनएसएस में भाग लेकर किस प्रकार अपने व्यक्तित्व को निखार सकती है। एमकेजेके की प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने स्वयं सेविकाओं को शैक्षणिक के साथ- साथ सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस शिविर का आयोजन एमडीयू के एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. राजकुमार की देखरेख में हुआ। इस दौरान कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोफिया जाखड़ और सुमन कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे। इस शिविर में अठारह महाविद्यालयों की स्वयंसेविकाओ ने भाग लिया।



**Extension Lecture by Sports Deptt 04/04/2023**





**Health Day 07/04/2023**



# वर्ल्ड हेल्थ डे पर व्याख्यान आयोजित




**रोहतक, गिरीश सैनी।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास यूनिट द्वारा वर्ल्ड हेल्थ डे पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। सिविल हॉस्पिटल से आए डॉ देवेंद्र ने छात्राओं को ग्लोबल वार्मिंग के दौर में अपने शरीर की देखभाल करने के बारे ने जागरूक किया। उन्होंने बताया ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए सभी को पेड़ लगाना चाहिए तथा अपने स्वास्थ्य की जांच कम से कम प्रतिवर्ष करवाते रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने सभी छात्राओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि एक लड़की दो घरों की अच्छे से जिम्मेदारी उठा सकती है और यह तभी संभव है जब वह खुद स्वस्थ होगी। यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. दीपिका एवं संतोष ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए उन्हें पौधा भेंट किया।

**Telengana cuisine by home science deptt 06/04/2023**


एक भारत श्रेष्ठ भारत
Telangana Cousin
6/4/23
1) Ariselu
2) Sarva Pindi
3) Hyderabadi Biryani



**Visit to Zila Parishad 11/04/2023**



**Extension lecture by SC/BC Cell 13/04/2023**

प्रैस नोट

दिनांक- 13/04/2023

आज दिनांक 13 अप्रैल को महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर का 132वाँ जन्मदिन 'समानता दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के SC/BC Cell की ओर से 'विस्तार व्याख्यान' का आयोजन किया गया जिसमें प्रोफेसर भूप सिंह गौड़, Head of Department, Sociology, Gurum Dronacharya College, Gurugram ने 'Increasing Relevence of thoughts of Dr. B.R. Ambedkar in Globalised World' पर अपने विचार व्यक्त किए। डा० अम्बेडकर एक महान विभूति थे जिन्होनें समाज के हर पीड़ित, शोषित वर्ग के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उनके प्रयासों का ही फल के रूप में हमें सशक्त भारत का संविधान मिला जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी, अधिकार व उचित सम्मान मिल पाना संभव हुआ। उनकी अवधारणा "मैं किसी समुदाय की प्रगति को उस समाज की महिलाओं की प्रगति के सापेक्ष मानता" महिलाओं के प्रति सम्मान व अधिकारों का मूर्त रूप में लाना है। आज के कार्यक्रम का आयोजन व संचालन मैडम नीलम, SC/BC छात्र कल्याण सैल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मैडम चन्द्रप्रभा, मैडम सुमन उपस्थित रही। प्राचार्या डा० रश्मि लोहचब ने बताया कि डॉ अम्बेडकर संघर्ष व प्रेरणा के स्रोत हैं जो आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते हैं।

Neelam
Incharge SC/BC Cell

[signature]
for Principal
M.K.J.K. Mahavidyalya
ROHTAK


GPS Map Camera
Rohtak, Haryana, India
VJP9+H33, Model Town, Rohtak, Haryana 124001, India
Lat 28.886613°
Long 76.617982°
13/04/23 11:49 AM GMT +05:30
Google

# किशोरी कॉलेज में मनाया डॉ. अम्बेडकर का जन्मदिवस



**रोहतक** | महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर का 132 वां जन्मदिन समानता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एससी/बीसी सेल की ओर से विस्तार विख्यान का आयोजन किया गया। इसमें डिपार्टमेंट हेड समाज शास्त्र, गुरु द्रोणाचार्य कॅालेज गुरुग्राम प्रोफेसर भूप सिंह गौड़ ने

**Poem Recitation by English Deptt 19/04/2023**






# कविता पाठ में विनीशा प्रथम व यशिका द्वितीय



रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा काव्य पाठ व अखबार पढ़ने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कविता पाठ में विनीशा ने प्रथम, यशिका ने द्वितीय, भारती ने तृतीय व रश्मि ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। अखबार पढ़ने की प्रतियोगिता में विनीशा ने प्रथम, लतिशा ने द्वितीय, यशिका ने तृतीय व तनु ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। कार्यक्रम का आयोजन सोफिया जाखड़ व नीलम द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**Poetry Competition on earth Day 20/04/23**






**Blood Donation Camp 25/04/23**



# शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्र



**रोहतक, गिरीश सैनी।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस, एनएसएस एवं एनसीसी इकाईयों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने किया। इस रक्तदान शिविर में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। प्राचार्य व अन्य प्राध्यापकों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनकी हौसला अफजाई की। रक्त की कमी पाई जाने वाली छात्राओं को गुड़, चने एवं फोलिक एसिड की टेबलेट खाने की सलाह दी गई। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस दौरान वाईआरसी काउंसलर डॉ. दीपिका, संतोष, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोफिया जाखड़, सुमन कुमारी एवं सुदेश तथा एनसीसी कमांडेंट कैप्टन सविता मलिक सहित छात्राएं मौजूद रही।

**Wall Painting**


कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें
GPS Map Camera
Rohtak, Haryana, India
VJP9+MP9, Model Town, Rohtak, Haryana 124001, India
Lat 28.88641°
Long 76.618697°
28/04/23 02:30 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Rohtak, Haryana, India
VJP9+MP9, Model Town, Rohtak, Haryana 124001, India
Lat 28.88651°
Long 76.618763°
28/04/23 02:34 PM GMT +05:30

**World Red Ross Day 08/05/2023**

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सलोगंन लेखन और बढ़ते जल प्रदूषण को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित

**रोहतक , (रण टाइम्स)।**

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास द्वारा 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सलोगंन लेखन और बढ़ते जल प्रदूषण को लेकर नुक्कड़ नाटिका का आयोजन किया गया प्राचार्य रश्मि लोहचब ने बताया कि आज विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर कॉलेज की वाईआरसी वॉलिंटियर्स ने विभिन्न मुद्दों पर स्लोगन लेखन कर समाज में एक संदेश दिया इस दौरान सुनो नहरों की पुकार मिशन से जुड़े



विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण और बढ़ते जल प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को जागरूक भी किया उन्होंने पेयजल का महत्व बताते हुए कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल को बचाना और उसे निर्मल रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर डॉ दीपिका वाईआरसी काउंसलर ,संतोष और सुनो नहरों की पुकार मिशन की तरफ़ से अजय हुड्डा आदि उपस्थित रहे। वही नुक्कड़ नाटक टीम मे अंशु नांदल, कृष्णा, हिमांशु, अप्राजीत, लेखा, निकिता, आशीष कुमार, प्रियंका, जतीन, अंजली, नेहा, शुभम, वीरेंद्र सिंह, कमल, दिनेश ने विशेष भूमिका निभाई ।


"सुनो नहरों की पुकार" मिशन
नहरें और नदियां है स्वच्छ पानी का आधार फिर क्यों करते हो इन्हे बेकार



**Yoga 12/06/23**

## एमकेजेके में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी आयोजित



**रोहतक, गिरीश सैनी (ऋषि की आवाज़ ब्यूरो)।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में योग विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी के प्रथम दिन सोमवार को शारीरिक शिक्षा विभाग की डॉ. कुसुमलता ने विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा में योग का महत्व बताया। वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर चंद्रप्रभा ने छात्राओं को व्यक्तिगत जीवन में योग के महत्व से अवगत कराया। योग विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर संगीता दलाल व ज्योति ग्रेवाल ने जीवन में योग का महत्व विषय पर विद्यार्थियों से चर्चा की। छात्राओं ने भी इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी छात्राओं ने योग को अपने जीवन में अपनाने तथा अपने परिवार व आस-पड़ोस में योगाभ्यास के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

अध्यापिकाओं को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं।


# विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व




*गोष्ठी में अपने विचार रखती वक्ता।*

रोहतक, 12 जून (संजीव): महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में सोमवार को योग विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के प्रथम दिन शारीरिक शिक्षा विभाग की डा. कुसुमलता ने शारीरिक शिक्षा में योग का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों के सामने विचार प्रस्तुत किए।

उसके बाद वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफैसर चंद्रप्रभा ने भी अपने व्यक्तिगत जीवन में योग के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों से बातचीत की। इसी के साथ योग विज्ञान विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफैसर संगीता दलाल व ज्योति ग्रेवाल ने विद्यार्थियों के जीवन में योग का महत्व विषय पर विद्यार्थियों से चर्चा की जिसमें विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और योग को अपने जीवन में अपनाने तथा अपने परिवार, पास-पड़ोस को योगाभ्यास कराने की सीख ली। जिससे विचार गोष्ठी को सफल बनाया गया।




**Yoga Day 21/06/23**



E-mail : mkjkmrt@gmail.com ☎ 8950815595

Office of the Principal

**MAHARANI KISHORI JT KANYA MAHAVIDYALAYA, ROHTAK**

*'A' Grade College Accrediated by NAAC*

(Affiliated to M.D. University, Rohtak & Recognised by Govt. of Haryana)

Ref. No. MKJK/23 Dated 20-06-2023

सूचना:-

महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों (शिक्षक एवं-गैर शिक्षक) को सूचित किया जाता है कि दिनांक-21-06-2023 को अन्तर्राष्ट्रीय "योग दिवस" मनाया जायगा। अत: सभी कर्मचारियों से अनुरोध है कि प्रात: 6.00 बजे महाविद्यालय के प्रांगण में योग दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर "योग दिवस" की शोभा बढ़ावे।

Principal
M.K.J.K. Mahavidyalya
ROHTAK




**NCC Camp 16/06/23-25/06/23**

# सैकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी., रोहतक द्वारा दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**रोहतक आशीष उजाला आज तक** सेकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी रोहतक के तत्वधान में एम के जे के कॉलेज, रोहतक के परिसर में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल संदीप कुमार के नेतृत्व में दिनांक 16 जून से 25 जून 2023 तक किया जा रहा है क जिसके अंतर्गत रोहतक , झज्जर, सांपला, गुरुग्राम, भिवानी, चरखी दादरी के विभिन्न स्कूल व कॉलेज से आए एनसीसी के लगभग 500 कैडेट्स भाग लेंगें क कर्नल संदीप कुमार के नेतृत्व में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान चलने वाली एनसीसी की प्रतिदिन की गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स अपने आप को तराशने, सेना की गतिविधियों से रूबरू होने तथा एन सी सी की गतिविधियों को बारीकी से समझने का अवसर प्राप्त करेंगे क दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स के साथ सेकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहेगा।




ROHTAK

# सैकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

[redacted]




रोहतक, सैकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी रोहतक के तत्वधान में जाट स्कूल के समीप एम के जे के कॉलेज के परिसर में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल संदीप कुमार के नेतृत्व में किया गया जिसमें विभिन्न स्कूल व कॉलेज से आए एनसीसी के 504 कैडेट्स ने 16 जून से 25 जून तक दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान चलने वाली एनसीसी की प्रतिदिन की गतिविधियों के माध्यम से अपने आप को तराशने, सेना की गतिविधियों से रूबरू होने तथा एन सी सी की गतिविधियों को बारीकी से समझने का अवसर प्राप्त किया । शिविर के माध्यम से कैडेट्स मैप रीडिंग, ड्रिल, युद्ध कौशल कला एवं हथियार प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया से रूबरू हुए। तदोपरांत कैंप के दसवें दिन पर कर्नल संदीप कुमार की गरिमा पूर्ण उपस्थिति के बीच कैंप का भव्य रूप से समापन किया गया ढ्ढ कर्नल संदीप कुमार ने कैंप में विभिन्न गतिविधियों में उच्च कोटि का प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया। कर्नल संदीप कुमार ने एम के जे के कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर रश्मि लोचभ, समस्त स्टाफ एवं सभी कैडेट्स का कैंप के दौरान दिए गए सहयोग के लिए आभार प्रकट किया और दस दिन के इस वार्षिक प्रशिक्षण में सिखाए गए हर कार्य को अपने दैनिक जीवन में ज्यादा से ज्यादा शामिल करते हुए सभी कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना शुभ आशीष दिया । इस अवसर पर लेफ्टिनेंट रेनू , एन सी सी अधिकारी अनिता धनखड़ , ज्योति, अनामिका, रेखा, सी टी ओ प्रिती, सुमन, सीनियर जी सी आई सरोज, मंजू, गरिमा, सूबेदार मेजर रूप सिंह, सूबेदार मेजर सुंदर लाल, नायाब सूबेदार शंकर , सूबेदार डी एन स्वामी, बी एच एम नवनाथ, हवलदार सतीश कुमार, मनोज कुमार, कुलदीप,वाई एस मेथी, मंदीप, नायक शिवा एवं सेकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सैकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन।



**वॉइस ऑफ़ बहादुरगढ़ न्यूज़ रोहतक।** सेकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी रोहतक के तत्वधान में जाट स्कूल के समीप एम के जे के कॉलेज के परिसर में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल संदीप कुमार के नेतृत्व में किया गया जिसमें विभिन्न स्कूल व कॉलेज से आए एनसीसी के 504 कैडेट्स ने दिनांक 16 जून से 25 जून तक दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान चलने वाली एनसीसी की प्रतिदिन की गतिविधियों के माध्यम से अपने आप को तराशने, सेना की गतिविधियों से रूबरू होने तथा एन सी सी की गतिविधियों को बारीकी से समझने का अवसर प्राप्त किया । शिविर के माध्यम से कैडेट्स मैप रीडिंग, ड्रिल, युद्ध कौशल कला एवं हथियार प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया से रूबरू हुए। तदोपरांत कैंप के दसवें दिन पर कर्नल संदीप कुमार की गरिमा पूर्ण उपस्थिति के बीच कैंप का भव्य रूप से समापन किया गया। कर्नल संदीप कुमार ने कैंप में विभिन्न गतिविधियों में उच्च कोटि का प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया। कर्नल संदीप कुमार ने एम के जे के कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर रश्मि लोचभ, समस्त स्टाफ एवं सभी कैडेट्स का कैंप के दौरान दिए गए सहयोग के लिए आभार प्रकट किया और दस दिन के इस वार्षिक प्रशिक्षण में सिखाए गए हर कार्य को अपने दैनिक जीवन में ज्यादा से ज्यादा शामिल करते हुए सभी कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना शुभ आशीष दिया । इस अवसर पर लेफ्टिनेंट रेनू , एन सी सी अधिकारी अनिता धनखड़ , ज्योति, अनामिका, रेखा, सी टी ओ प्रिती, सुमन, सीनियर जी सी आई सरोज, मंजू, गरिमा, सूबेदार मेजर रूप सिंह, सूबेदार मेजर सुंदर लाल, नायाब सूबेदार शंकर , सूबेदार डी एन स्वामी, बी एच एम नवनाथ, हवलदार सतीश कुमार, मनोज कुमार, कुलदीप,वाई एस मेथी, मंदीप, नायक शिवा एवं सेकंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।